# नोएडा में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा एलजी

**21,329 वर्ग मीटर एरिया में स्थापित होगी जीसीसी यूनिट, मिलेगा रोजगार**

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** मल्टी नैशनल कंपनी एलजी नोएडा में ग्लोबल कैपिबिलिटी सेंटर सेक्टर में निवेश करेगी। कंपनी की योजना इस सेक्टर में करीब एक हजार करोड़ रुपये निवेश करने की है। उत्तर प्रदेश में इस सेक्टर में किसी बड़ी मल्टीनैशनल कंपनी द्वारा किए जाना वाला ये अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। एलजी यह निवेश कर वैश्विक अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना 21,329 वर्गमीटर के भूखंड क्षेत्रफल में करेगा। इंवेस्ट यूपी विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस निवेश को लेकर हाल ही में एलजी कंपनी के अधिकारियों ने नोएडा अथॉरिटी के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। साथ ही अपने निवेश पर सहमति भी जताई थी।

**500 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार :** जीसीसी सेक्टर में कंपनी की ओर से किए जा रहे इस निवेश से प्रदेश के 500 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह केंद्र मुख्य रूप से रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट पर केंद्रित होगा। इसके अलावा इस सेंटर में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और डिजिटल इनोवेशन पर भी काम होगा, जिसका इस्तेमाल एलजी अपने प्रॉड्क्ट्स में करेगी।

**स्थानीय लोगों को रोजगार देने पर जोर :** इस प्रॉजेक्ट में स्थानीय लोगों को रोजगार देने पर जोर होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस प्रॉजेक्ट में स्थानीय लोगों को रोजगार देने पर जोर होगा। इंवेस्ट यूपी के एक अधिकारी के मुताबिक कंपनी को जीसीसी सेंटर स्थापित करने के लिए जितनी जमीन की जरूरत है। उसे चिह्नित करने पर काम किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए औद्योगिक विकास विभाग ने सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को लैंड बैंक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा निवेशकों को समय पर जमीन मुहैया करवाई जा सके। इसके अलावा इंडस्ट्रियल एरिया में खाली पड़े प्लॉटों का भी सर्वे करवाया जा रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया में जो प्लॉट खाली पड़े हैं, उनका आवंटन रद्द करके नए उद्योगों को जमीन आवंटित करने की योजना भी औद्योगिक विकास विभाग बना रहा है।